भारत सरकार
परमाणु उर्जा विभाग
राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र

डाकघर- केट
इन्दौर - 452013

| विज्ञापन संख्या. आरआरकेट-2/2012 | आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि : 20.04.2012 |
|---|---|

**निम्नलिखित पदों की भर्ती हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते है**

| पद कोड | पद | योग्यता | वांछित अनुभव | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| I | तकनीकी अधिकारी/सी | माइक्रोबायोलॉजी, खाद्य प्रौद्योगिकी अथवा खाद्य रसायन में एम.एस.सी/बी.टेक में न्यूतम 60 प्रतिशत अंक या समतुल्य सीजीपीए | खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के कार्य में अनुभवी उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी । | 01 (अपिव के लिए आरक्षित) |
| II | वैज्ञानिक सहायक /बी (भौतिक चिकित्सक ) | भौतिक चिकित्सा डिग्री में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक । | किसी भी सरकारी/निजी संस्थान में न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव | 01 (अनारक्षित) |
| III | तकनीशियन /डी (ड्राइंग) | विज्ञान तथा गणित विषयों के साथ एसएससी अथवा एचएससी में न्यूतम 60 प्रतिशत अंक तथा ड्राफसमैन मेकेनिकल में दो वर्ष का ट्रेड सर्टिफिकेट । | अनुभवः मेकेनिकल ड्राइंग में न्यूनतम 8 वर्ष का अनुभव । | 01 (अनारक्षित) |
| IV | फायरमैन/ए | एसएससी या समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण<br>राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण केन्द्रों से सर्टिफिकेट कोर्स किए हुए एवं वैध भारी वाहन ड्राइविंग लाइसेंसधारी उम्मीद्वारों को प्राथमिकता दी जाएगी । | -- | 01 (अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित ) |

**वेतनमान तथा कुल परिलब्धियां (वर्तमान दरों के अनुसार)**

| पद कोड | पद का नाम तथा वेतनमान | प्रारंभिक वेतनमान | | |
|---|---|---|---|---|
| | | वेतन बैंड में वेतन | ग्रेड वेतन | समस्त भत्तों को मिलाकर कुल परिलब्धियां (लगभग) |
| I | तकनीकी अधिकारी/सी<br>पीबी-3, ₹ 15600-39100 तथा ग्रेड वेतन ₹ 5400/- | ₹ 15600/- | ₹ 5400/- | ₹ 40000/- |
| II | वैज्ञानिक सहायक /बी<br>पीबी-2, ₹ 9300 -34800 तथा<br>ग्रेड वेतन ₹ 4200/- | ₹ 9300/- | ₹ 4200/- | ₹ 25000/- |
| III | तकनीशियन /डी<br>(ड्राइंग)<br>पीबी-1, ₹ 5200-20200 तथा ग्रेड वेतन ₹ 2800/- | ₹ 8560/- | ₹ 2800/- | ₹ 21400/- |
| IV | फायरमैन/ए<br>पीबी-1, ₹ 5200-20200 तथा ग्रेड वेतन ₹ 1900/- | ₹ 5830/- | ₹ 1900/- | ₹ 14300/- |

**अतिरक्त वित्तीय लाभ**

नियमों के अंतर्गत यथा देय सामान्य वेतन और भत्तों के अतिरिक्त अर्थात् मकान किराया भत्ता, परिवहन भत्ता आदि के साथ-साथ परमाणु उर्जा विभाग के कर्मचारी विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के तहत आकर्षक वित्तीय लाभ पाने के हकदार है । ये लाभ विभाग की विशेष स्थिति को ध्यान में रखकर दिए जाते है और सरकार द्वारा इसकी समय-समय पर समीक्षा की जाती है ।

## आवेदकों की जानकारी के लिए सामान्य शर्ते

1. दिनांक **20.04.2012** को आयु सीमा

| | |
|---|---|
| पद कोड । के पद हेतु | : 18 वर्ष से 30 वर्ष के बीच (अपिव के उम्मीद्वारों के लिए जो सम्पन्न वर्गो के अंतर्गत नहीं आते है, आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट सहित) |
| पद कोड ।। के पद हेतु | : 18 वर्ष से 27 वर्ष के बीच |
| पद कोड ।।। के पद हेतु | : 18 वर्ष से 30 वर्ष के बीच |
| पद कोड ।V के पद हेतु | : 18 वर्ष से 30 वर्ष के बीच (अनुसूचित जाति के उम्मीद्वारों के लिए आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट सहित) |

अनुसूचित जाति/अन्य पिछडी जाति के उम्मीदवारों को केन्द्र सरकार में नौकरी हेतु लागू निर्धारित प्रप्रत्र में अपना प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए । आयु में छूट एवं आरक्षण हेतु अन्य पिछडा वर्ग का मतलब "अन्य पिछडे वर्ग के वो व्यक्ति जो "सम्पन्न वर्गो " से संबंधित नहीं है, जैसा कि भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन सं. 36012/22/93-स्था.(एससीटी) दिनांक 08.09.1993 में परिभाषित है और भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन सं. 36033/3/2004-स्था.(आरईएस.) दिनांक 09.03.2004 और कार्यालय ज्ञापन सं. 36033/3/2004-स्था.(आरईएस.) दिनांक 14.10.2008 के तहत आशोधित है ।

क) 1984 के दंगों में मारे गए व्यक्तियों के बच्चों/परिवार के सदस्यों को उपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट स्वीकार्य है । इस आशय का सबुत प्रस्तुत करना होगा कि 1984 के दंगों में वे प्रभावित हुए थे ।

| | |
|---|---|
| ख) भूतपूर्व सैनिक | :उम्मीदवार की वास्तविक आयु से सशस्त्र सेना सेवा की सेवा-अवधि घटाने के बाद परिणामिक उम्र, संबंधित सेवा पद के लिए निर्धारित अधिकतम ऊपरी आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। |
| ग) सरकारी कर्मचारी | : केन्द्र सरकार के आदेशों के अनुसार । |

घ) फायरमैन/ए (पद कोड ।V के पद के लिए शारीरिक मापदंड

कोई शारीरिक विकृति न हो ।

| | | |
|---|---|---|
| उंचाई | : | 165 सेमी (न्यूनतम) |
| वनज | : | 50 कि.ग्रा.(न्यूनतम) |
| सीना | : | 81 से.मी. (सामान्य) |
| सीना | : | 86 से.मी. (फैलाने पर) |
| दृष्टि | : | 6/6 चश्में या अन्य कोई साधन के बिना । रात में दिखाई न देने या रतौंधी को अपात्र समझाा जाएगा । |

उम्मीद्वार को 64 कि.ग्रा. भार के साथ एक मिनट में 100 मीटर दौड, जमीन से कम से कम 3 मीटर की उँचाई पर रस्सी पर या / और खडे पाइप पर चढने की शारीरिक सहनशक्ति जैसी परीक्षा पास करनी होगी ।

2. उन सभी व्यक्तियों को उपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी जो जम्मू कश्मीर राज्य के कश्मीर संभाग में दिनांक 1 जनवरी 1980 से 31 दिसंबर 1989 तक की अवधि के दौरान अधिवासी रहें हैं, परन्तु किसी भी परीक्षा में भाग लेने हेतु उपरी आयु सीमा में छूट संबंधित नियमों के अंतर्गत अनुमेय अवसरों की अधिकतम संख्या के अनुसार दी जाएगी ।

**निवास सबूत के संबंध में प्रमाणपत्र**- जो व्यक्ति नियम 3 के अंतर्गत अनुमेय आयु सीमा की छूट का लाभ उठाना चाहते है उन्हें एक प्रमाणपत्र देना होगा :-

(क) जम्मू कश्मीर संभाग के जिला मजिस्ट्रेट से जिसके क्षेत्राधिकार में वे मूलरूप से या सामान्यत: रहते थे ।

अथवा

(ख) कोई अन्य प्राधिकारी जो जम्मू-कश्मीर सरकार की ओर से पदनामित किया गया हो उससे इस आशय का प्रमाण-पत्र देना होगा कि वे जम्मू-कश्मीर राज्य के कश्मीर संभाग में दिनांक 01 जनवरी, 1980 से 31 दिसंबर, 1989 तक की अवधि के दौरान मूलरूप से अधिवासी थे ।

3. आवेदन करने से पूर्व उम्मीदवार को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे विज्ञापन में लिखी सभी पात्रता की शर्तो को पूरा करते हैं। उम्मीदवार को अपने आवेदन-पत्र में प्रस्तुत सूचनाओं के आधार पर भर्ती प्रक्रिया के विभिन्न स्तरों में रखा जाएगा । भर्ती प्रक्रिया के अन्तिम चरण से पूर्व आवेदन-पत्रों की केवल सरसरी तौर पर जाँच की जाएगी तथा भर्ती प्रक्रिया के अन्तिम चरण के समय उम्मीदवारों की पात्रता की विस्तृत जाँच की जाएगी । अत: आवेदन की विस्तृत जाँच होने तथा आवेदक को सभी प्रकार से पात्र पाए जाने तक आवेदक की उम्मीदवारी अनंतिम रहेगी । यदि उम्मीदवार उक्त पद के लिए आयोग्य पाया जाता है, तो आरआरकेट को भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी आवेदन को निरस्त करने का अधिकार होगा । उम्मीदवार की पात्रता के संबंध में आरआरकेट का निर्णय अंतिम होगा । केवल उम्मीदवार को बुलावा-पत्र जारी करने तथा लिखित परीक्षा/ट्रेड टेस्ट /साक्षात्कार में सम्मिलित होने के लिए अनुमति देने मात्र से यह नहीं माना जाएगा कि उम्मीदवार की उम्मीदवारी अन्तिम रूप से स्वीकृत की गई है या आवेदक द्वारा आवेदन-पत्र में उल्लिखित जानकारियों को सत्य और सही मानकर स्वीकार कर लिया गया है ।

4. लिखित/ ट्रेड टेस्ट /साक्षात्कार आरआरकेट इन्दौर में आयोजित किया जाएगा । पद कोड । के पद के लिए बाहर के स्थानों से साक्षात्कार हेतु बुलाए गए उम्मीदवारों को रेल/बस की टिकटें प्रस्तुत करने पर लघुतम मार्ग से आने-जाने का शयनयान श्रेणी के रेल किराए की प्रतिपूर्ति की जाएगी । पद कोड ।।से ।V के पदों के लिए बाहर के स्थानों से लिखित/ ट्रेड टेस्ट /साक्षात्कार हेतु बुलाए गए केवल अजा/अजजा के उम्मीदवार रेल/बस की टिकटें प्रस्तुत करने पर लघुतम मार्ग से आने-जाने का शयनयान श्रेणी के रेल किराए की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र हैं बशर्ते वे केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/निगमों/स्थानीय शासन/पंचायत आदि में कार्यरत नहीं हैं ।

5. इस विज्ञापन के तहत चयनित किये गये उम्मीदवारों को इंदौर में तैनात किये जाने की संभावना है, लेकिन वे भारत में परमाणु ऊर्जा विभाग की किसी भी संघटक इकाई में सेवा करने के लिए उत्तरदायी होंगे ।

,,,,,,,,,,,,,

## आवेदन कैसे करें

1. आवेदन-पत्र की एक प्रति विज्ञापन में दिये गये प्रपत्र के अनुसार ए 4 आकार के पेपर में प्रस्तुत करना चाहिए । आवेदन-पत्र टंकित हो तो अच्छा रहेगा ।

   जो उम्मीद्वार ऑन-लाइन आवेदन करना चाहते हैं, वे कृपया वेबसाइट **http://www.rrcat.gov.in** देखें तथा नीचे लिखा अनुदेश नं 11 सावधानीपूर्वक पढें । ऑन -लाइन आवेदन, आवेदन प्राप्ति की तिथि से एक सप्ताह पूर्व बंद हो जाएगा ।

2. आवेदन-पत्र और लिफाफे पर नीचे दिये गये अनुसार लिखा होना चाहिए ।

| पद के लिए आवेदन-पत्र | पद कोड | पद |
|---|---|---|
| | | |

3. **फोटोग्राफ:** मूल आवेदन-पत्र के दाहिने हाथ के ऊपरी कोने पर पासपोर्ट आकार का स्वसत्यापित नवीनतम फोटो चिपकाना चाहिए।

4. **प्रमाण-पत्रों की प्रतिलिपियाँ :** उम्मीदवारों को अपने आवेदन-पत्र के साथ निम्नलिखित अंकतालिकाओं/प्रमाण-पत्रों की एक-एक सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न करनी चाहिए :
   क) शैक्षिक योग्यताएँ एवं तकनीकी योग्यताएँ।
   ख) जन्म-तिथि
   ग) उनका दावा कि वे अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/शारीरिक विकलांग/भूतपूर्व सैनिक/है ।
   घ) अनुभव, विशेषरूप से किए गए कार्य का उल्लेख करते हुए ।

5. **नोट :** (क) केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत व्यक्तियों को अपने आवेदन-पत्र उचित माध्यम से भेजना चाहिए । तथापि वे अपने आवेदन-पत्र की एक अग्रिम प्रति ऊपर लिखे संलग्नकों के साथ नीचे दिये गये पते पर भेज सकते हैं । **अभ्यर्थियों को परीक्षा/साक्षात्कार के समय नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा ।**
   (ख) पूर्ण रूप से भरे गये आवेदन-पत्र निम्नलिखित पते पर भेजे जाने चाहिए :-

**प्रशासनिक अधिकारी -III**
**राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र,**
**परमाणु ऊर्जा विभाग,**
**डाक घर : केट, इन्दौर-452 013.**

6. **चेतावनी :** ऐसे आवेदन-पत्र, जो विज्ञापन में उल्लेखित आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं हैं - अर्थात् आवेदन-पत्र, जो निर्धारित प्रपत्र में नहीं हैं, जिसके साथ पासपोर्ट आकार का स्वसत्यापित फोटो तथा प्रमाण-पत्रों की सत्यापित जेराक्स/फोटो प्रतियाँ संलग्न नहीं है, अ**स्वीकार किये जाने की संभावना है ।**

7. विज्ञापन में दर्शाई गई जरूरतों को सिर्फ पूर्ण करने से ही प्रत्याशी साक्षात्कार के लिए पात्र नहीं है । जहां इस विज्ञापन के प्रत्युत्तर में प्राप्त आवेदन-पत्रों की संख्या अधिक है तथा इस केन्द्र के लिए सभी उम्मीदवारों का साक्षात्कार करना व्यवहार्य नहीं है, तो यह केन्द्र, प्राप्त अंकों के प्रतिशत और दीर्घकालीन अनुभव के आधार पर साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों की संख्या सीमित कर सकता है

8. आवेदित पद हेतु निर्धारित योग्यता से अधिक योग्यता रखने वाले उम्मीदवार, जो उच्च पदक्रम में नियुक्ति के पात्र बन जाते हैं, ऐसे उम्मीदवारों के आवेदनों पर, अधिक योग्यता के कारण विचार नहीं किया जाएगा ।

9. साक्षात्कार/नियुक्ति के लिए चयनित नहीं होने वाले उम्मीदवारों से किसी भी तरह का पत्र-व्यवहार नहीं किया जाएगा।

10. **किसी भी प्रकार के प्रभाव/सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा ।**

11. **ऑन -लाइन आवेदन करने वाले उम्मीद्वार आवेदन की हस्ताक्षरित प्रति ( ऑन लाइन सॉक्टवेयर का उपयोग कर तैयार की गई ) उपर्युक्त अनुदेश नं. 5 ख में लिखित पते संबंधित प्रमाण-पत्रों की प्रतियों के साथ अवश्य भेजें । इस आवेदन की हार्ड प्रति आवेदन प्राप्ति की तिथि को या इससे पूर्व अवश्य पहुचं जानी चाहिए ।**

12. **" सरकार एक ऐसे कार्यदल बनाने का प्रयास कर रही है जो लिंग समानता को प्रतिबिंबित करे तथा महिलाओं को आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित करे ।"**